## Himachal Pradesh Board Of School Education Dharamshala- 176215

## Tender For Hiring Labour Services

| | | |
|---|---|---|
| **Date of Issuance** | : | **21st November 2025** |
| **Last Date for Tender Submission** | : | **12th December 2025 upto 1 pm.** |
| **Opening of Technical Bids** | : | **12th December 2025 at 3 pm.** |

## हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला–176215

## निविदा की विषय सूची


| क्रमांक संख्या | विषय वस्तु | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना | 01 |
| 2. | निविदा प्रक्रिया की समय सारणी | 02 |
| 3. | कार्यक्षेत्र (scope of work) | 03 |
| 4. | निविदा से सम्बन्धित विस्तृत नियम, निर्देश एवं शर्तें | 04-09 |
| 5. | तकनीकी निविदा (प्रपत्र "क") | 10-11 |
| 6. | वित्तीय निविदा (प्रपत्र "ख") | 12 |
| 7. | घोषणा पत्र (प्रपत्र "ग") | 13–14 |


सचिव

**Himachal Pradesh Board Of School Education Dharamshala- 176215**

**HPBOSE-G007/32/246242-2024-CONDUCT – I- 3247** **Dated 21.11.2025**

## Tender For Hiring Labour Services

"निविदा सूचना"

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा बोर्ड कार्यालय में परीक्षा से सम्बन्धित सामग्री एवं अन्य सामान को वाहनों से उतारने, चढ़ाने, एक भवन/मंजिल/हाल से दूसरे भवन/मंजिल/हाल में ले जाने व लाने और इस सामग्री को एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने, ले जाने की मजदूरी का ठेका करने हेतु दोहरी निविदा प्रणाली के अंतर्गत दिनांक 21-11-2025 से निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जोकि दिनांक 12-12-2025 को दोपहर 1 बजे तक या उससे पहले बोर्ड कार्यालय में जमा करवा सकते हैं तथा तकनीकी निविदा उसी दिन 3 बजे निविदाकारों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी। इच्छुक निविदादाता निविदा दस्तावेज बोर्ड की वैबसाइट www.hpbose.org पर देख व डाउनलोड कर सकते हैं।

सचिव

## हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला– 176215

### निविदा प्रक्रिया की समय सारणी

| Sr. No | Event | Date |
|---|---|---|
| 1. | Date and Time for Publication of tender on website **www.hpbose.org** or may be collected from H.P Board of School Education Dharamshala(**Conduct-1 Branch)** | 21-11-2025 at 3: 00 p.m. |
| 2. | Last date and Time upto which Tender document can be downloaded from website: hpbose.org or can be collected from Conduct-1 branch HPBOSE Dharmshala. | 12-12-2025 at 11:00 a.m. |
| 3. | Last date& time for submission of tender alongwith requisite documents | 12-12-2025 at 1:00 p.m. |
| 4. | Date & Time of Opening of Technical Bid | 12-12-2025 at 3:00 p.m. |
| 5. | Tender Fee | Tender fee of ₹1,000/- (Non- Refundable) can be deposited/acceptable only in the shape of DD/Bank Draft issued by any of the Nationalised/Scheduled/co-operative Bank.The original copy of DD/Bank Draft of Tender Fee is to be submitted alongwith Technical Bid. |
| 6. | EMD (Earnest Money Deposited) | EMD (Earnest Money Deposit) depositof ₹1,00,000/-(₹One Lac only) is to be deposited in the form of FDR pledged in favour of Secretary, H.P Board of School Education Dharamshala. FDR should be issued by any Nationalised/Scheduled/co-operative Bank. The original copy of FDR of EMD Fee is to be submitted alongwith Technical Bid. |
| निविदा खोलने वाले दिन यदि राजकीय अवकाश घोषित होता है, तो उसके अगले दिन निविदाओं को खोला जाएगा। | | |
| | **Venue for opening of Tender Notice : H.P. BOSE H.Q. Dharamshala** | |

## Himachal Pradesh Board Of School Education Dharamshala- 176215
## Tender for Hiring of Labour Services
### कार्यक्षेत्र(Scope of Work)

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा बोर्ड कार्यालय में परीक्षा से सम्बन्धित सामग्री एवं अन्य सामान को वाहनों से उतारने, चढ़ाने, एक भवन/मंजिल/हाल से दूसरे भवन/मंजिल/हाल में ले जाने व लाने और इस सामग्री को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने व लाने की मजदूरी का ठेका करने हेतु वार्षिक अनुमानित कार्य का ब्यौरा निम्न प्रकार से है:-

| Description of material | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Bundle/Box/ packet of Less than 1 Kg to upto 4 Kg** | **Bundle/Box/ packet of More than 4 Kg to upto 5 Kg** | **Bundle/ Box packet of More than 5 Kg to 10 Kg** | **Bundle/Box/packet of More than 10 Kg to 15 Kg** | **Almirah/ Chairs/Table etc.** | **Oil Drums** |
| **55000** | **5400** | **1000** | **37000** | **200** | **20** |

उपरोक्त कार्य के अतिरिक्त कार्यालय में दैनिक कार्य के लिए दो मजदूर स्थाई तौर पर ठेकेदार को प्रतिनियुक्त करने होगें।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा बोर्ड कार्यालय में परीक्षा से सम्बन्धित सामग्री एवं अन्य सामान को वाहनों से उतारने, चढ़ाने, एक भवन/मंजिल/हाल से दूसरे भवन/मंजिल/हाल में ले जाने व लाने और इस सामग्री को एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने, ले जाने की मजदूरी का ठेका करने हेतु दिनांकः 21-11-2025 से निविदाएं आमंत्रित की जाती है, इच्छुक निविदादाता निविदा दस्तावेज को बोर्ड की वैबसाइट https://hpbose.org से डाउनलोड़ व संचालन शाखा से व्यक्तिगत तौर पर तय समय सारणी के अनुसार प्राप्त सकते हैं।

1. निविदादाता हेतु सामान्य निर्देशः—

i) इच्छुक निविदादाता टैंडर दस्तावेज को बोर्ड की वैबसाइट https://hpbose.orgसे डाउनलोड कर सकते हैं व किसी कार्य दिवस पर बोर्ड कार्यालय धर्मशाला की संचालन-I शाखा से प्रातः 10.00 से सांय 5.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है।

ii) निविदा के सम्पूर्ण दस्तावेज का भली—भाँति अध्ययन करने के उपरान्त ही वित्तीय दरें निर्धारित प्रपत्र 'ख' पर प्रस्तुत करनी होंगी।

iii) निर्धारित समय सारणी एवम् निविदा के दिशा निर्देशों अनुसार प्रस्तुत की गई निविदाएं ही मूल्यांकन हेतु मान्य होंगी । **तकनीकी निविदा में वित्तीय निविदा या दरों का उल्लेख** पाए जाने पर निविदादाता को तकनीकी निविदा के मूल्यांकन में असफल घोषित कर दिया जाएगा।

iv) निविदादाता के पास चालू वित वर्ष 2025-2026 से पूर्व 5 वर्षों में से किसी भी एक निरंतर वर्ष का सरकारी विभाग, बोर्ड/विश्वविद्यालय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम,पीएसयू/सैनिक/अर्धसैनिक कल्याण विभाग/सरकारी स्वामित्व वाले निगम में मजदूरी या उसकी समकक्ष सेवा में निरंतर अनुभव को प्रमाणित करने के लिए निविदादाता को कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र या पत्र जो उस संस्था के कार्यालय अध्यक्ष द्वारा जहां उसके द्वारा सेवाएं प्रदान की गई हों द्वारा जारी किया गया हो की स्वयं सत्यापित छायाप्रति तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। केवल कार्यालय आदेश (work order) को अनुभव के प्रमाणन हेतु पर्याप्त नहीं माना जाएगा।

v) तकनीकी निविदा प्रपत्र 'क' के अनुसार संलग्नकों को संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

vi) निविदादाता के पास अनुबंध श्रम (विनियमन और उन्मूलन) अधिनियम, 1970 के तहत श्रम की तैनाती/नियुक्ति हेतु वैध लाइसैंस होना अनिवार्य है जिसकी स्वयं सत्यापित छायाप्रति तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करें।

vii) निविदादाता निर्धारित **'प्रपत्र ग'** के अनुसार शपथ पत्र तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करें।

viii) सम्पूर्ण कार्य हेतु एक निविदादाता की एक ही निविदा मान्य होगी।

ix) कार्य आवंटन का अधिकार बोर्ड़ के पास सुरक्षित होगा। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का प्रतिवेदन स्वीकार्य/विचार योग्य नहीं होगा।

x) **निविदा फीस**—इच्छुक निविदादाता को ₹1000/—(₹एक हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 जो सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड़, धर्मशाला जिला कांगड़ा के नाम देय हो, तकनीकी निविदा के साथ जमा करवाना अनिवार्य होगा। जोकि Non-refundable राशि होगी। निविदा फीस के बिना निविदा स्वीकार्य नहीं होगी।

xi) निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए ₹1,00,000/- (एक लाख रूपये मात्र) की धरोहर राशि एफ० डी० आर के रूप में जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/शेड्यूलड बैंक/सहकारी बैंक द्वारा कम से कम एक वर्ष के लिए जारी तथा सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के पक्ष में बंधक (Pledged) हो, जमा करवानी होगी। जिसका प्रमाण तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। धरोहर राशि के बिना प्राप्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं की जाएगी। असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि निविदा प्रकिया उपरान्त वापिस कर दी जाएगी । चयनित निविदादाता/सफल निविदादाता की धरोहर राशि को निष्पादन प्रतिभूति राशि में परिवर्तित कर दिया जाएगा। निष्पादन प्रतिभूति राशि को अनुबंध समाप्ति के 60 दिन उपरांत वापिस किया जाएगा।

xii) निविदा फीस का मूल बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0, धरोहर राशि की मूल एफ0डी0आर0 व पैन नंबर तथा जी0एस0टी0 पंजीकरण, अनुबंध श्रम(विनियमन और उन्मूलन) अधिनियम, 1970,के तहत श्रम की तैनाती/नियुक्ति हेतु वैध लाइसैंस, यदि निविदादाता सांझेदारी फर्म हो तो उस अवस्था में निविदा के साथ रजिस्ट्रार आफ फर्म्स की ओर से पजींकरण एवं Partnership Deed जोकि Partnership (Act 1932) तथा समय.समय पर हुए संशोधनों के अर्न्तगत जारी की गई हो, की स्वयं सत्यापित छायाप्रति, यदि निविदादाता Public Ltd/Pvt Ltd Company के तौर पर भाग ले रहा हो तो उस अवस्था में निविदा के साथ सर्टिफिकेट आफ इनकोर्पोरेशन की स्वयं सत्यापित प्रति तथा Company act 1956 तथा समय.समय पर हुए संशोधनों के अन्तर्गत जारी Memorandum of Association/Article of Association की स्वयं सत्यापित छायाप्रति एवम् **प्रपत्र'ग'** के अनुसार नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र की मूल प्रति, फर्म/कम्पनी की अवस्था में Power of Attorney की प्रति निर्धारित तिथि एवम् समय के अनुसार तकनीकी निविदा के साथ **प्रपत्र 'क'** सहित तकनीकी निविदा के लिफाफे में जमा करवानी अनिवार्य होगी अन्यथा तकनीकी मूल्यांकन में निविदाता की निविदा को निरस्त माना जाएगा।

xiii) निविदा फीस तथा धरोहर राशि निविदादाता द्वारा स्वयं जमा करवाई जाएगी। निविदादाता की ओर से या किसी अन्य द्वारा जमा निविदा फीस, धरोहर राशि स्वीकार्य नहीं होगी। इस अवस्था में निविदा को निरस्त माना जाएगा।

xiv) कम्पनी/सांझेदारी फर्म की अवस्था में अधिकृत व्यक्ति ही हस्ताक्षर हेतु मान्य होगा और इस स्थिति में कम्पनी/फर्म द्वारा जारी प्राधिकृत हस्ताक्षरी के पक्ष में जारी Power of Attorney प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जिसमें उसे कम्पनी/फर्म की ओर से निविदा सम्बंधी दस्तावेज हस्ताक्षरित करने हेतु और निविदा प्रकिया में हिस्सा लेने हेतु अधिकृत किया गया हो। Power of Attorney तकनीकी निविदा में संलग्न करना अनिवार्य है।

xv) इच्छुक निविदादाता को **तकनीकी निविदा** व **वित्तीय निविदा** को दो अलग-अलग सीलबंद लिफाफों जिन पर क्रमशः **तकनीकी निविदा** व **वित्तीय निविदा अंकित करना** अनिवार्य होगा,और इन दोनों लिफाफो को तीसरे लिफाफें में डालकर व सीलबंद करने के उपरान्त **सचिव,हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड,धर्मशाला** के पते पर प्रेषित/जमा करवाना होगा। निविदादाता को सभी लिफाफों के उपर अपना नाम व पता स्पष्ट तौर पर लिखना अनिवार्य है। **इसके अतिरिक्त निविदादाता को सभी लिफाफों के उपर Tender for hiring labour services** का उल्लेख करना भी **अनिवार्य है।**

निविदा के निर्देश एवं शर्तों के अनुसार वांछित दस्तावेज बोर्ड कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध न करवाने की स्थिति में निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जाएगी।

2. निविदा से सम्बंधित विस्तृत निर्देश एवं शर्तें

(i) निविदा प्रपत्र का भलीभांति अध्ययन करने के उपरान्त वित्तीय दरें (Financial Bid) प्रपत्र–'ख' पर प्रस्तुत करनी होंगी।

(ii) निविदा में प्रपत्र 'ख' पर प्रस्तुत की गई वित्तीय दरें ही मूल्यांकन हेतु मान्य होंगी। अन्य किसी भी माध्यम से प्रस्तुत की गई दरें मान्य नहीं होंगी। तकनीकी निविदा में वित्तीय निविदा या दरों का उल्लेख पाए जाने पर निविदादाता को तकनीकी निविदा के मूल्यांकन में असफल घोषित किया जाएगा।

(iii) तकनीकी निविदा के साथ संलग्न किए जाने वाले समस्त दस्तावेज निविदादाता द्वारा स्वयं सत्यापित (Self Attested) होने चाहिए। इसके अतिरिक्त तकनीकी निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों की वैद्यता के लिए निविदादाता स्वयं उत्तरदायी होगा। यदि कोई सूचना/दस्तावेज असत्य अथवा अपूर्ण पाई जाती है, तो उसके लिए निविदादाता स्वयं उत्तरदायी होगा और उसका नाम काली सूची में सम्मिलित कर दिया जाएगा।

(iv) सम्पूर्ण कार्य हेतु एक निविदादाता की एक ही निविदा मान्य होगी अर्थात एक निविदादाता दो निविदाएं प्रस्तुत नहीं करेगा।

(v) कार्य आवंटन का अधिकार बोर्ड कार्यालय के पास सुरक्षित होगा। इस सम्बन्ध में किसी भ प्रकार का प्रतिवेदन स्वीकार्य/विचार योग्य नहीं होगा।

3. तकनीकी निविदा से सम्बन्धित निर्देश/शर्तें

i) तकनीकी निविदा **प्रपत्र 'क'(मोहर सहित)**को निविदादाता द्वारा संलग्न किया जाना अनिवार्य है। तकनीकी निविदा में संलग्न किए जाने वाले समस्त दस्तावेजों की छायाप्रतियॉ निविदादाता द्वारा स्वयं सत्यापित होनी चाहिए **अन्यथा यह दस्तावेज स्वीकार्य नहीं होंगे**। इसके अतिरिक्त तकनीकी निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों की वैधता के लिए निविदादाता स्वयं उत्तरदायी होगा। यदि कोई सूचना/दस्तावेज असत्य अथवा अपूर्ण पाई जाती है, तो उसके लिए निविदादाता स्वयं उत्तरदायी होगा और उसका नाम काली सूची में सम्मिलित कर दिया जाएगा।

ii) निविदादाता के नाम जारी आयकर पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित छायाप्रति, जिसमें स्थायी आयकर खाता संख्या का उल्लेख पठनीय हो, तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करें। यदि निविदादाता सांझेदारी फर्म या कम्पनी हो तो उस अवस्था में फर्म तथा कम्पनी के पक्ष में जारी PAN लगाना अनिवार्य होगा, ऐसी स्थिति में व्यक्तिगत PAN मान्य नहीं होगा।

iii) निविदादाता के पास GSTIN रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है जिसकी स्वयं सत्यापित छायाप्रति तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करें जिसमें GSTIN का उल्लेख स्पष्ट पठनीय हो।

iv) निविदादाता का पिछले तीन बर्षो की औसत **(Average)** आय **(Turn over)** 5 लाख से कम नहीं होनी चाहिए। दस्तावेज सनदी लेखाकार (C.A) से सत्यापित प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

v) निविदा फीस का बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 व धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 का मूल प्रपत्र/दस्तावेज तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

vi) यदि निविदादाता सांझेदारी फर्म हो तो उस अवस्था में उनको फर्म के पक्ष में Registrar of Firms की ओर से जारी पंजीकरण तथा Partnership Deed जोकि Partnership Act,1932

तथा समय-समय पर हुए संशोधनों के अन्तर्गत जारी की गई हो, की प्रति तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगी।

vii) अगर निविदादाता Public Ltd/Pvt Ltd Company के तौर पर भाग ले रहा हो तो उस अवस्था में निविदा के साथ Company Act, 1956 तथा समय-समय पर हुए संशोधनों के अन्तर्गत जारी Certificate of Incorporation तथा Memorandum of Association/Article of Association की छायाप्रति तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

viii) निविदादाता को <u>प्रपत्र 'ग'</u> के अनुसार Affidavit for the Declaration by bidder एंवम undertaking Anti-collusion ₹100/– के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित दस्तावेज तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। शपथ पत्र **'ग'** में निर्धारित स्थान/स्थानों पर निविदादाता के हस्ताक्षर अनिवार्य है। अन्यथा तकनीकी मूल्यांकन के दौरान निविदादाता को असफल घोषित किया जाएगा। निविदादाता द्वारा निविदा में कोई भी गलत तथ्य एवं दस्तावेज दिये जाने पर निविदादाता का नाम काली सूची में दर्ज किया जायेगा एवं धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।

4. <u>वित्तीय निविदा से सम्बन्धित निर्देश/शर्तें</u>

i) वित्तीय दरें पूर्ण रूप से निर्धारित प्रपत्र ''ख'' पर प्रस्तुत करनी होंगी। प्रस्तुत की गई निविदा एवं दरें ही मूल्यांकन हेतु मान्य होंगी।

ii) प्रपत्र ''ख'' में उद्धरित/दर्शाई जाने वाली दरें GST रहित एवं F.O.R(हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड) होंगी। तथा यह दरें वार्षिक आधार पर उद्धरित होंगी।

iii) प्रपत्र ''ख'' पर प्रस्तुत वित्तीय निविदाओं को तकनीकी निविदा के मूल्यांकन उपरान्त खोला जाएगा।

iv) अधूरी/आंशिक रूप से प्रस्तुत की गई **वित्तीय** निविदा स्वीकार्य नहीं होगी।

v) प्रपत्र ''ख''में जिस निविदादाता की दरें न्यूनतम होंगी उसे L1 घोषित किया जाएगा। गठित कमेटी सफल निविदादाता से मोल भाव करने का अधिकार रखती है।

vi) मूल्यांकन प्रक्रिया उपरान्त L1 दरों का अन्तिम अनुमोदन माननीय अध्यक्ष महोदय, हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

5. <u>मूल्यांकन प्रक्रिया:-</u>

i) सक्षम प्राधिकारी द्वारा गठित समिति सर्वप्रथम तकनीकी निविदाओं का मूल्यांकन निविदा में संलग्न दस्तावेजों अनुसार एवं निविदा की नियम व शर्तों के अनुसार करेगी।

ii) केवल तकनीकी निविदा में सफल घोषित निविदादाता की ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी एवं वित्तीय निविदा में उद्धरित/दर्शाई दरों का मूल्यांकन किया जाएगा तथा जिस निविदादाता की दरें न्यूनतम होंगी, उसे L1 घोषित किया जाएगा।

iii) कार्य अनुबन्ध (Work Contract) करने के समय सफल L1 निविदादाता की धरोहर राशि को निष्पादन प्रतिभूति राशि (Performance Security Amount)के रूप में परिवर्तित कर दिया जाएगा। निष्पादन प्रतिभूति राशि (Performance Security Amount) को अनुबन्ध समाप्ति के 60 दिन उपरान्त वापिस किया जाएगा।

6. निविदादाता द्वारा निविदा में कोई भी गलत तथ्य दिये जाने पर सम्बधित निविदादाता का नाम काली सूची में दर्ज किया जायेगा एवं धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।

7. परीक्षाओं के कार्य के दौरान संचालन 1, 2, विभागीय परीक्षा शाखा व गोपनीय शाखा में परीक्षा सामग्री को वाहनों में चढ़ाने/उतारने, एक स्थान से दूसरे स्थान, एक भवन से दूसरे

भवन/कमरे/मंजिल से दूसरे भवन/कमरे/मंजिल में ले जाने व लाने व भण्डार शाखाके लिए दैनिक आधार पर कार्य समाप्ति तक मजदूरों की आवश्यकता रहती है जिसकी लिखित मांग सम्बन्धित शाखा द्वारा सहायक सचिव/अनुभाग अधिकारी, संचालन-1 को कार्य से कम से कम एक दिन पहले देनी होगी, जिसके लिए सफल L1 निविदादाता को पूर्व सूचना पर आवश्यकता अनुसार मजूदर उपलब्ध करवाना अनिवार्य होगा।

8. सफल L1 निविदादाता को दो (2) मजदूर स्थाई तौर पर बोर्ड कार्यालय में प्रतिनियुक्त करने होगें, जोकि प्रत्येक कार्य दिवस व जरूरत पड़ने पर अवकाश वाले दिनों में भी अपनी सेवाएं देंगे।

9. सफल L1 निविदादाता द्वारा परीक्षा सामग्री को निर्देशानुसार गंतव्य स्थान तक ले जाना व लाना होगा परन्तु परीक्षा सामग्री को गाड़ी से उतारकर किसी भी भवन/कमरे/हाल/मंजिल तक ले जाने व भवन/कमरे/हाल/मंजिल से गाड़ी तक ले जाने व चढ़ाने के कार्य की एक बार ही गणना की जाएगी। वार्षिक कार्य का विवरण Scope of Work में दिया गया है।

10. सफल L1 निविदादाता यदि आवश्यकता अनुसार अपने कार्य को करने में असमर्थ रहता है या अनावश्यक देरी करता है और बोर्ड को उस कार्य को करने के लिए अलग से व्यवस्था करनी पड़ती है तो उस व्यवस्था में की गई अतिरिक्त व्यवस्था के फलस्वरूप खर्च की गई राशि की दोगुना राशि या विशेष जुर्माना लगाकर सफल निविदादाता के बिलों में दिए भुगतान से काटी जाएगी।

11. आयकर विभाग के नियमानुसार IT TDS जो उस समय की लागू दर के आधार पर, सेवा प्रदाता द्वारा दिए गए मासिक बिल के देय भुगतान में से काटा जायेगा।

12. मजदूरों की आपूर्ति निविदा दस्तावेज में निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप करने का दायित्व सफल L1 निविदादाता का होगा, ऐसा न करने की स्थिति में निविदा दस्तावेज में निर्धारित निबन्धन एवं शर्तो के अनुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके अतिरिक्त निविदादाता का नाम काली सूची में दर्ज कर दिया जाएगा व धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।

13. यदि सफल L1 निविदादाता का कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो सफल L1निविदादाता द्वारा जमा करवाई गई धरोहर राशि/कार्य निष्पादन प्रतिभूति राशि(Performance Security Amount)जब्त की जाएगी। ऐसी स्थिति में निविदादाता को मुआवजा अथवा क्षतिपूर्ति का दावा प्रस्तुत करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

14. निविदा दस्तावेज के निबन्धन एवं शर्तो के बावजूद, यदि अध्यक्ष/सचिव के ध्यानार्थ आता है कि सफल L1 निविदादाता बोर्ड द्वारा आवंटित कार्य को निर्धारित विनिर्देशों के अनुसार नहीं कर रहा है तो ऐसी स्थिति में वह निविदा में निर्धारित दण्डात्मक प्रावधानों के साथ–साथ सफल L1 निविदादाता के विरूद्ध कोई भी वैधानिक, प्रशासनिक कार्यवाही और अतिरिक्त वित्तीय दण्ड निर्धारण के लिए सक्षम होंगे।

15. सम्बन्धित कार्य एवं निविदा के परिपेक्ष्य में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसे अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला के निर्णयार्थ (आर्बीट्रेशन) प्रस्तुत किया जायेगा और उनका निर्णय अंतिम होगा जो दोनों पक्षकारों को मान्य होगा ।

16. सम्बन्धित कार्य के दौरान यदि किसी प्रकार की दुर्घटना, क्षति या casualty होती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबधित ठेकेदार की होगी। बोर्ड इस संम्बध में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

17. अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आर्बीट्रेशन के बाद विवाद हल न होने की स्थिति में धर्मशाला ज़िला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) स्थित माननीय न्यायालय का अधिकार क्षेत्र ही मान्य होगा।
18. निविदा प्रकाशन के उपरान्त भी निविदा के नियम एवं शर्तों में संशोधन का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित है,जिसकी पूर्व सूचना नियमानुसार प्रकाशित की जाएगी।
19. निविदादाता निविदाएं प्रस्तुत करने से पूर्व यदि कार्य सम्बधित परिस्थितियों का अवलोकन /समझने के लिए बोर्ड परिसर का भ्रमण करने के इच्छुक हों तो वह संचालन–1 शाखा के सहायक सचिव/अनुभाग अधिकारी की अनुमति उपरान्त परिसर का मुआयना कर सकते हैं।
20. परीक्षा से सम्बन्धित सामग्री एवं अन्य सामान को वाहनों से उतारने, चढ़ाने, एक भवन/मंजिल/हाल से दूसरे भवन/मंजिल/हाल में ले जाने व लाने के लिए लिफ्ट का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उल्लंघन करने पर सफल निविदादाता को प्रति अवसर **₹5,000/-** तक जुर्माना लगाया जाएगा।
21. किसी भी प्रकार की अप्रत्याशित/प्राकृतिक घटना के कारण यदि सेवाप्रदाता अपनी सेवाएं देने में असमर्थ रहता है तो ऐसी स्थिति में प्रमाणिकता के आधार पर निर्णय करने का अधिकार सचिव, हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड के पास सुरक्षित रहेगा।
22. किसी निविदा या सभी निविदाओं को विना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सचिव, हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड के पास सुरक्षित रहेगा।
23. प्रस्तावित कार्य का आबंटन अधिसूचना जारी होने या आपूर्ति/कार्य आदेश जारी करने की तिथि से एक साल के लिए मान्य होगा। कार्य के संतोषजनक पाए जाने की स्थिति में आपसी सहमति से सफल L1 निविदादाता के साथ कार्य अनुबंध में मौजूदा दरों एवं शर्तों पर आगामी एक या दो वर्ष के लिए वार्षिक आधार पर विस्तार दिया जा सकता है।
24. निष्पादन प्रतिभूति राशि को सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा सफल निविदाकार द्वारा प्रदान की गई संतोषजनक सेवाओं के आधार पर अनुबन्ध अवधि पूर्ण होने उपरान्त 60 दिन तक रखा जाएगा।
25. निविदाओं से सम्बन्धित बोर्ड द्वारा किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा।
26. अधूरी या सशर्त निविदाओं को सीधे तौर पर ही रद्द कर दिया जाएगा।

सचिव

(To be placed inside the Technical bid Envelope) प्रपत्र 'क'

तकनीकी निविदा

## Tender for Hiring of Labour Services

| क्रमांक | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदादाता / व्यावसायिक संस्थान का नाम | |
| 2 | निविदादाता का पता | |
| 3 | कार्यालय दूरभाष नम्बर, मोबाईल नम्बर ई–मेल आई0डी0 | |
| 4 | पैन नम्बर, (छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 5 | GSTIN पंजीकरण (छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 6 | अनुबंध श्रम(विनियमन और उन्मूलन) अधिनियम, 1970 के तहत श्रम की तैनाती / नियुक्ति हेतु वैध लाइसैंस की स्वयं सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें। | |
| 7 | यदि निविदादाता सांझेदारी फर्म हो तो उस अवस्था में निविदा के साथ रजिस्ट्रार आफ फर्म्स की ओर से पजींकरण एवं Partnership Deed जोकि Partnership (Act,1932) तथा समय-समय पर हुए संशोधनों के अर्न्तगत जारी की गई हो, की स्वयं सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें। | |
| 8 | यदि निविदादाता Public Ltd/Pvt Ltd Company के तौर पर भाग ले रहा हो तो उस अवस्था में निविदा के साथ सर्टिफिकेट आफ इनकोर्पोरेशन की स्वयं सत्यापित प्रति तथा Company act,1956 तथा समय-समय पर हुए संशोधनों के अन्तर्गत जारी Memorandum of Association/Article of Association की स्वयं सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें। | |
| 9 | पिछले तीन बर्षो की औसत(**Average**) आय (**Turn over**) की स्वयं सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें। | |
| 10 | निविदादाता के पास चालू वित वर्ष 2025–.2026 से पूर्व 5 वर्षों में से किसी भी एक निरंतर वर्ष का सरकारी विभाग,बोर्ड / विश्वविद्यालय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, पीएसयू / सैनिक / अर्धसैनिक कल्याण विभाग,सरकारी स्वामित्व वाले निगम में मजदूरी या उसकी समकक्ष सेवा में निरंतर अनुभव को प्रमाणित करने के लिए निविदादाता को कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र या पत्र जो उस संस्था के कार्यालय अध्यक्ष द्वारा जहां उसके द्वारा सेवाएं प्रदान की गई हों द्वारा जारी किया गया हो की स्वयं सत्यापित छायाप्रति तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना | |

| | | |
|---|---|---|
| | अनिवार्य होगा। केवल कार्यालय आदेश (work order) को अनुभव के प्रमाणन हेतु पर्याप्त नहीं माना जाएगा। | |
| 11 | निविदा शुल्क | |
| | i) बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 न0 | |
| | ii) राशि | ₹ 1000/- |
| | iii) जारीकर्ता बैंक का नाम व शाखा | |
| | iv) दिनांक | |
| 12 | धरोहर राशि का विवरण | |
| | i) एफ0डी0आर0 न0 | |
| | ii) राशि | ₹ 1,00,000/- |
| | iii) जारीकर्ता बैंक का नाम व शाखा | |
| | iv) दिनांक | |
| 13 | निविदा फीस का मूल बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0, धरोहर राशि की मूल एफ0डी0आर0 संलग्न करें। | |
| 14 | प्रपत्र 'ग' के अनुसार नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र की मूल प्रति संलग्न करें। | |
| 15. | Power of attorney in favour of authorised person issued by firm/company | |

मैं घोषणा करता/करती हूं कि मुझे/हमें निविदा में दिए गए नियम व शर्ते स्वीकार है। अपेक्षित दस्तावेज/प्रमाण पत्र संलग्न कर दिए गये हैं। उपरोक्त समस्त सूचना पूर्णत्य सत्य है। इससे सम्बन्धित कोई भी सूचनाएं छिपाई नहीं गयी हैं। यदि कोई सूचना असत्य अथवा अपूर्ण पायी जाती है तो उसके लिये मैं/हम स्वयं उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी।

दिनांकः

निविदादाता के हस्ताक्षर

नाम_____________________

प्रपत्र 'ख'

(To be placed inside Financial bid envelope)

## Financial Bid

### Tender for Hiring of Labour Services

| Sr.No. | Description of Item | Rate without GST& FOR at HPBOSE | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | Hiring of Labour Services | | |

Cutting & overwriting over the Financial bid i.e quoted rate shall not be acceptable unless the same is attested with seal & signature of the tenderes

Signature of
Proprietor/Director/Partner
With Stamp and Date

(To be placed inside Technical bid envelope) प्रपत्र 'ग'

**DECLARATION BY BIDDER**

**(Affidavit duly attested by the Notary Public to be submitted on stamp paper of ₹100/-)**

To

The Secretary,
H.P Board of School Education,
Dharamshala.

Sir,

In reference to the Technical bid document for labour services, I/We do hereby declare that I/We /am/are proprietor /partner /director of the firm/Business concern.

That, I/We________________________________do hereby declare that I/We have read and understood the terms and conditions of the Tender and further declare that I/we shall be abide by the terms & conditions of tender and other relevant rules and regulations of Labour.

I/ We further declare that I/my business concern/firm/company have not been blacklisted by any Govt. department/Board Corporation/PSU/University etc.(as the case may be) including forfeiture of performance security/security amount (as the case may be) or debarred/No FIR is registered/forfeiture of EMD. No such action is in progress against against my/our business concern/firm/company. Further there is no Court Case pending in any Hon'ble Court which binding upon the aforesaid tender.

I/ We further declare that I/my business concern/firm/company will deposit the Performance Security of the contract to ensure my due performance of the contract.

I/we will abide by the rules and regulations under the Child labour (Prohibition and Regulation) Act, 1986 and minimum wages Act, 1948 and other labour laws.

I/We undertake that, in case of any casuality/accident/injury or damage occurs to any worker during the course of the said work, the entire responsibility shall lie with me.

I/We undertake that, in competing for (and, if the award is made to us, in executing) the above contract, I/we will strictly observe the laws against fraud and corruption in force in India namely "Prevention of Corruption Act 1988".

I/We hereby certify and confirm that in the preparation and submission of our Proposal, I/we have not acted in concert or in collusion with any other Bidder or other person(s) and also not done any act, deed or thing which is or could be regarded as anti-competitive.

I / We further confirm that we have neither proposed nor will propose any illegal gratification in cash or kind to any person or agency in connection with the instant Proposal.

In case above information declaration given by me/us is found to be incorrect at any stage, the H.P. Board of School Education, Dharamshala has right to take legal action against me/ us beside penalty, if any, including forfeiture of performance security/Earnest money amount (as the case may be).

Place: .............

Signature of
Proprietor/Director/Partner
With Stamp and Date

**In cont.**

**VERIFICATIONS**

I/We ______________________________________________do hereby verify that the contents of the declaration made by me/us are correct and true to the best of my knowledge and nothing has been concealed therein. Hence I/we have verified and signed on the________day of _____at___________.

<u>Witness</u>:-

1. Signature Name and Address

2. Signature & Name and Address

Signature & Seal of bidder

________________________________

(Name of the Bidder)

________________________________

(Signature of the Bidder / Authorised Person)